Australian Government
Department of Social Services

Disability Gateway
Connecting you to information and services

## गोपनीयता संग्रहण नोटिस - Disability Gateway

सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) (डिपॉर्टमेंट) ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से Disability Gateway के लिए जिम्मेदार है।

यह गोपनीयता संग्रहण नोटिस विवरण देता है कि डिपॉर्टमेंट ऑस्ट्रेलियाई सरकार के माध्यम से निजी जानकारी का प्रबंध कैसे करेगा:

- Disability Gateway सेवा - फ़ोन 1800 643 787, ई-मेल और वेब-चेट (द सर्विस)
- Disability Gateway वेबसाइट – www.disabilitygateway.gov.au (वेबसाइट)।

डिपॉर्टमेंट गोपनीयता अधिनियम में शामिल 13 ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों सहित *गोपनीयता अधिनियम 1988 (Privacy Act 1988) (कॉमनवेल्थ)* (द प्राईवेसी एक्ट) के अनुसार आपकी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सेवा डिपॉर्टमेंट के द्वारा ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से The Benevolent Society द्वारा प्रदान की जाती है। इस गोपनीयता संग्रहण नोटिस में, 'हमें', 'हमारे' और 'हम' शब्दों से संदर्भ सामाजिक सेवाएँ विभाग, The Benevolent Society और सेवा प्रदान करने हेतु नियुक्त किन्हीं अन्य कांट्रेक्टरों और सेवा प्रदाताओं से है।

## यह गोपनीयता संग्रहण नोटिस किस पर लागू होता है?

यह गोपनीयता संग्रहण नोटिस उन सभी व्यक्तियों पर लागू होता है जिनकी निजी जानकारी को हम सेवा प्रदान करने की अवधि के दौरान एकत्रित कर सकते हैं। इनमें शामिल हैं:

- विकलाँग लोग जो विकलाँगता सेवाओं के बारे में जानकारी लेने, या इनके संबंध में सहायता लेने के लिए हमसे संपर्क करते हैं:
- विकलाँग लोगों के परिवार और मित्र;
- विकलांग लोगों के देखभालकर्ता; और
- संगठन और प्रदाता जो विकलाँगता क्षेत्र में संचालन करते हैं।

## हम किस प्रकार की जानकारी एकत्रित करते हैं?

हम आपके बारे में निम्नलिखित निजी जानकारी एकत्रित करते हैं, यदि आप  इसे हमें प्रदान करने का चयन करते हैं तो:

- आपका नाम, संपर्क विवरण, स्थान (पोस्टकोड) और हमारे साथ आपकी बातचीत से जुड़ी जानकारी।

आप गुमनाम रूप से या किसी कूटनाम (अर्थात झूठे नाम) का प्रयोग करके सेवा का उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, सेवा के सभी पहलुओं को आपको गुमनाम रूप से या किसी कूटनाम का प्रयोग करके उपलब्ध कराना हमेशा संभव नहीं होता है।

## हम निजी जानकारी क्यों एकत्रित करते हैं?

हम आपको सेवा प्रदान करने के लिए आपकी निजी जानकारी एकत्रित करते हैं। यदि आप अपनी निजी जानकारी हमारे साथ साझी नहीं करते हैं, तो आपकी मदद करने की हमारी क्षमता सीमित हो सकती है।

उन स्थितियों में जहाँ आप हमें निजी जानकारी प्रदान करते हैं या आपने अपनी निजी जानकारी प्रदान करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को अधिकार दिया है, वहाँ इस जानकारी का संग्रहण, उपयोग, संभाल और खुलासा गोपनीयता अधिनियम के साथ सुसंगत तरीके से किया जाएगा।

## हम आपकी निजी जानकारी को कैसे एकत्रित करते हैं?

निजी जानकारी उस समय एकत्रित की जाती है जब आप या आपकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति विकलाँगता सेवाओं के बारे में जानकारी का निवेदन करते हेतु संपर्क केन्द्र फ़ोन 1800 643 787 सेवा, Disability Gateway वेब-चेट या वेब-फ़ॉर्म/ई-मेल संपर्क के द्वारा Disability Gateway से संपर्क करते हैं। जब आप इनमें से किसी भी माध्यम से Disability Gateway से संपर्क करते हैं, तो आप The Benevolent Society के साथ बातचीत कर रहे होते हैं, जो डिपॉर्टमेंट की ओर से Disability Gateway का संचालन करती है।

The Benevolent Society के कर्मचारी Disability Gateway के साथ आपके संपर्क से सम्बन्धित किसी जानकारी को रिकॉर्ड करने से पहले निजी जानकारी का संग्रहण और संभाल करने के लिए आपकी सहमति लेंगे।

हमें अपनी निजी जानकारी (जिसमें आपकी विकलाँगता से जुड़ी जानकारी सहित आपके बारे में कोई संवेदनशील जानकारी शामिल है) प्रदान करके, आप इस गोपनीयता संग्रहण नोटिस में वर्णन किए गए तरीके के अनुसार डिपॉर्टमेंट द्वारा उस जानकारी का संग्रहण, प्रयोग, खुलासा और प्रबंध किए जाने की सहमति देते हैं।

नीचे आप इस बारे में और अधिक जानकारी का पता लगा सकते हैं कि हम आपकी निजी जानकारी का खुलासा किसे करते हैं।

## हम निजी जानकारी का प्रयोग किस लिए करते हैं?

हम आपकी निजी जानकारी (जिसमें संवेदनशील जानकारी शामिल हो सकती है) का संग्रहण और प्रयोग इसलिए करते हैं ताकि हम सेवा प्रदान करने और हमारे कानूनी दायित्वों को पूरा करने में सक्षम हो सकें।

उदाहरण के लिए, हम आपकी निजी जानकारी (जहाँ आप इसे प्रदान करना चुनते हैं) का प्रयोग आपके सवालों तथा फीडबैक का जवाब देने, या आगे आपकी अधिक सहायता करने के लिए आपको किसी सेवा को रेफ़र करने के लिए कर सकते हैं।

सामान्यत:, हम इसलिए भी आपकी निजी जानकारी का प्रयोग और खुलासा करते हैं ताकि:

- हम उपयोग रुझानों की पहचान कर सकें;
- व्यक्तिगत रूप से तैयार और निजीकृत सेवा प्रदान कर सकें;
- हमारे सेवा मानकों का प्रबंध करने में हमें सहायता मिले; और
- हम अपने क़ानूनी दायित्वों का अनुपालन कर सकें।

Disability Gateway सेवा को बेहतर बनाने, रिपोर्ट करने और सेवा तथा इसके विभिन्न अंशों का आकलन करने के लिए हम पहचान-मुक्त जानकारी (जिसमें से किसी की पहचान न की जा सके) का प्रयोग कर सकते हैं। पहचान-मुक्त जानकारी का प्रयोग अकादमिक लेखों और सम्मेलनों पर प्रस्तुतियों में भी किया जा सकता है।

हम गुणवत्ता आश्वासन और प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए सेवा को की गई कॉल्स को रिकॉर्ड करते हैं। आप अपनी कॉल को रिकॉर्ड न किए जाने का चयन कर सकते हैं।

यदि आप वेब-चेट विकल्प के माध्यम से हमें ऑनलाइन संपर्क करते हैं, तो हम वेब-चेट पर हुई बातचीत की ट्रांसक्रिप्ट या रिकॉर्ड अपने पास रखते हैं ताकि हमें अपनी सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। यदि आप चाहते हैं कि हम अपने पास ट्रांसक्रिप्ट न रखें, तो आप आपके साथ ऑनलाइन बातचीत करने वाले परामर्शदाता (काउंसलर) को यह बात बता सकते हैं।

हम निजी जानकारी को केवल तब तक रखते हैं जब तक आपको सेवा प्रदान करने और हमारे क़ानूनी दायित्वों का अनुपालन करने के लिए इसे रखना आवश्यक होता है। जब इन प्रयोजनों के लिए इसकी आवश्यकता नहीं होती है, तो इसे नष्ट करने या स्थायी रूप से पहचान-मुक्त करने के लिए हम यथोचित कदम उठाते हैं।

सेवा के संबंध में The Benevolent Society या इसके कांट्रेक्टरों और सेवा प्रदाताओं द्वारा संभाल कर रखी गई किसी निजी जानकारी को सामाजिक सेवाएँ विभाग की ओर से संभाल कर रखा जाता है, ताकि हम सेवा प्रदान कर सकें। यदि The Benevolent Society डिपॉर्टमेंट की ओर से और/या डिपॉर्टमेंट के निर्देश पर सेवा प्रदान करना बंद कर देती है, तो निजी जानकारी को डिपॉर्टमेंट को या उन कांट्रेक्टरों को स्थानांतरित कर दिया जाएगा जिन्हें सेवा प्रदान करने के लिए डिपॉर्टमेंट द्वारा नियुक्त किया जाता है।

## हम निजी जानकारी का खुलासा किसे करते हैं?

हमें आपकी निजी जानकारी का खुलासा दूसरों को करने की आवश्यकता हो सकती है। हम सभी यथोचित कदम उठाकर आपकी जानकारी की रक्षा करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी खुलासा गोपनीयता अधिनियम के अनुसार और ऑस्ट्रेलियाई जानकारी आयुक्त के कार्यालय के मार्गदर्शन के साथ किया जाता है।

आपकी निजी जानकारी को The Benevolent Society, डिपॉर्टमेंट और सेवा प्रदान करने के लिए नियुक्त कांट्रेक्टरों तथा सेवा प्रदाताओं (सामूहिक तौर पर, अनुबंधित सेवा प्रदाता) के बीच साझा किया जा सकता है। यदि अनुबंधित सेवा प्रदाताओं को नियुक्त किया जाता है, तो वे सुरक्षा तथा गोपनीयता के दायित्वों से बाध्य होते हैं और संविदात्मक उपाय स्थापित होते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि वे उन दायित्वों का अनुपालन करते हैं।

हम तीसरे पक्ष को भी निजी जानकारी का खुलासा कर सकते हैं जहाँ ऐसा करना क़ानूनी तौर पर आवश्यक हो। पहचान-मुक्त जानकारी (जिसमें से किसी की पहचान न की जा सके) को अनुसंधान भागीदारों के साथ भी साझा किया जा सकता है।

## विदेशी प्रकटीकरण

हम सामान्यत: विदेश में निजी जानकारी का खुलासा नहीं करते हैं। The Benevolent Society उस समय आपकी सहमति लेगी यदि इनका इरादा आपकी निजी जानकारी का खुलासा विदेश में करने का होगा। ऐसी परिस्थितियाँ हो सकती हैं जिनमें डिपॉर्टमेंट आपकी निजी जानकारी को विदेश ट्रांसफर कर सकती है या विदेश में इसका खुलासा कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो इसे गोपनीयता अधिनियम के अनुसार किया जाएगा। और अधिक जानकारी डिपॉर्टमेंट की गोपनीयता नीति पर उपलब्ध है।

### आप अपने बारे में निजी जानकारी तक पहुँच कैसे प्राप्त करते हैं या इसे कैसे संशोधित करते हैं?

हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि जो निजी जानकारी हम एकत्रित, उपयोग और प्रकटीकृत करते हैं, वह सटीक, संपूर्ण, अप-टु-डेट और प्रासंगिक है। आपकी जो निजी जानकारी हमारे पास है, आप उस तक पहुँच प्राप्त करने या उसे संशोधित करने के लिए निवेदन कर सकते हैं। यदि व्यावहारिक हो तो हम सामान्यतः आपको आपकी निजी जानकारी तक पहुँच प्रदान करेंगे तथा आपके बारे में किसी भी गलत या पुरानी निजी जानकारी को संशोधित करने के लिए उचित कदम उठाएंगे। आप disabilitygateway@benevolent.org.auपर ई-मेल करके हमसे संपर्क कर सकते हैं।

### अन्य वेबसाइट्स

इस वेबसाइट में अन्य साइटों के लिंक दिए गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ना तो किन्हीं तृतीय पक्षों के गोपनीयता अभ्यासों के लिए ज़िम्मेदार है और न ही इस वेबसाइट पर जिन वेबसाइट्स के लिंक दिए गए हैं, उनमें शामिल विषय-वस्तु के लिए ज़िम्मेदार है। जब आप यहाँ से किन्हीं दूसरी वेबसाइट्स पर जाते हैं, तो हम आपको अवगत रहने तथा उनकी गोपनीयता नीति को पढ़ने की सलाह देते हैं।

### आप हमारी गोपनीयता प्रथाओं के बारे में और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?

हमारी संबंधित गोपनीयता नीतियों में हमारी गोपनीयता प्रथाओं के बारे में और अधिक जानकारी होती है, जिसमें यह भी शामिल है कि आपके बारे में जो निजी जानकारी हमारे पास है, उस तक आप पहुँच प्राप्त करने या उसमें संशोधन करने का अनुरोध कैसे कर सकते हैं, आप गोपनीयता शिकायत कैसे दर्ज कर सकते हैं और हम ऐसी शिकायतों का प्रबंधन कैसे करते हैं। क्या आपकी निजी जानकारी को नीचे दिए गए किन्हीं संगठनों द्वारा एकत्रित किया गया है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपने कौन सी सेवा का प्रयोग किया है।

आप हमारी निम्नलिखित वेबसाइट्स पर जाकर हमारी गोपनीयता नीतियों के नवीनतम संस्करण प्राप्त कर सकते हैं:

- राष्ट्रमंडल सामाजिक सेवाएँ विभाग (सेवा का वित्त-पोषक)
- The Benevolent Society (सेवा के संचालक)

### वेबसाइट कुकीज़

जब आप हमारी वेबसाइट का प्रयोग करते हैं, तो हमारा प्रयास आपके अनुभव को आसान और अर्थपूर्ण बनाना होता है। हमारे तृतीय-पक्षीय सेवा प्रदाताओं सहित, हम साइट पर आने वाले विज़िटरों की गतिविधि को ट्रैक करने और साइट डाटा एकत्रित करने के लिए कुकीज़ और समान प्रौद्योगिकियों का प्रयोग कर सकते हैं। हम जो

जानकारी एकत्रित कर सकते हैं, उसकी उदाहरणों में शामिल हैं: तकनीकी जानकारी जैसे कि आपके कंप्यूटर का आई.पी. पता और आपका ब्राउज़र टाइप, और आपकी विज़िट से सम्बन्धित जानकारी जैसे कि आपने कौन से उत्पाद देखे या सर्च किए, आप किस देश में हैं, आपने किस पर क्लिक किया और हमारी साइट पर आने और इससे जाने के लिए आपने किन लिंक्स पर क्लिक किया।

यदि हम इस जानकारी के साथ आपकी पहचान करते हैं, तो उस जानकारी का कोई भी प्रयोग या प्रकटीकरण इस गोपनीयता संग्रहण नोटिस और हमारी व्यक्तिगत गोपनीयता नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

कुकी एक टेक्स्ट फ़ाइल होती है जिसे रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से कोई वेबसाइट आपके कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव पर स्थानांतरित करती है। कुकीज़ हमारी वेबसाइटों पर आने वाले विज़िटरों के बारे में जानकारी एकत्रित और संग्रहीत करने में हमारी सहायता करती हैं और इनका उद्देश्य ऑर्डर करते समय आपके वेबसाइट ब्राउज़िंग अनुभव को बेहतर बनाना है। हमारी कुकीज़ प्रत्येक विज़िटर के कंप्यूटर को एक क्रम-रहित, अद्वितीय संख्या नियत करती हैं। इनमें ऐसी जानकारी शामिल नहीं होती है जिससे निजी तौर पर विज़िटर की पहचान हो सके, यद्यपि हम किसी कुकी को किसी ऐसी पहचान योग्य जानकारी के साथ जोड़ सकते हैं जिसे हमारी वेबसाइट को देखते समय किसी विज़िटर द्वारा प्रदान किया जाता है या जा चुका है।

हम ऐसी कुकीज़ का प्रयोग करते हैं जो किसी विशिष्ट समयावधि तक या इन्हें डिलीट किए जाने तक आपके कंप्यूटर पर बनी रहती हैं (स्थायी कुकीज़)। ये कुकीज़ क्लिकस्ट्रीम जानकारी (हमारी वेबसाइट पर देखे गए पेज़ों के URL या नाम की रिपोर्टिंग करने वाला डेटा) रिकॉर्ड करती हैं। हम ऐसी कुकीज़ का प्रयोग भी कर सकते हैं किसी ऑनलाइन सत्र के दौरान केवल अस्थायी तौर पर मौजूद होती हैं (सैशन कुकीज़) - ये कुकीज़ आपको अपने अकाउंट में लॉग इन करने देती हैं और जैसे-जैसे आप हमारी वेबसाइट का प्रयोग करते हैं, वे हमें अस्थायी रूप से आपकी पहचान करने देती हैं। अधिकांश ब्राउज़र उपयोगकर्ताओं को कुकीज़ से इंकार करने की अनुमति देते हैं, परन्तु ऐसा करने से हमारी वेबसाइट के कुछ भागों की कार्यात्मकता में अड़चन आ सकती है।

हम Google Analytics जैसे तृतीय पक्षों को भी हमारी ओर से वेबसाइट गतिविधि को ट्रैक करने और इसका विश्लेषण करने के लिए नियुक्त कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, ये तृतीय पक्ष हमारी वेबसाइट पर उपयोगकर्ता गतिविधि को ट्रैक करने के लिए कुकीज़ या वेब बीकन स्थापित कर सकते हैं। इन कुकीज़ द्वारा उत्पन्न जानकारी (आपके संक्षिप्त आई.पी. पते सहित) को Google और अन्य तृतीय पक्षीय प्रदाताओं द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित सर्वरों पर प्रेषित और संग्रहीत किया जाता है। Google इस जानकारी का उपयोग आपकी व अन्य उपयोगकर्ताओं की हमारी वेबसाइट तथा मोबाइल वेबसाइट के उपयोग का आकलन करने, वेबसाइट गतिविधि पर हमारे लिए रिपोर्ट्स संकलित करने तथा वेबसाइट गतिविधि और इंटरनेट उपयोग से संबंधित अन्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए करेगा।

हम ऐसे तृतीय पक्षों द्वारा एकत्रित डेटा का उपयोग वेबसाइट के प्रशासन, रिपोर्टिंग और गुणवत्ता में सुधार करने में तथा वेबसाइट के उपयोग का विश्लेषण करने में हमारी सहायता के लिए करते हैं।

## हमसे संपर्क करें

यदि आपकी गोपनीयता संबंधी कोई शिकायत या चिंता है, तो कृपया सबसे पहले हमसे Contact us (हमसे संपर्क करें) पेज़ के माध्यम से संपर्क करें।

आपके पास क़ानून के अंतर्गत सीधे गोपनीयता आयुक्त (https://www.oaic.gov.au) को हमारे गोपनीयता अभ्यासों के बारे में शिकायतें करने का अधिकार भी है जिसके पास उचित मामलों में मुआवज़े देने का अधिकार होता है।

इस गोपनीयता संग्रहण नोटिस को समय-समय पर अपडेट किया जा सकता है। गोपनीयता संग्रहण नोटिस में होने वाले किन्हीं परिवर्तनों के लिए कृपया नियमित रूप से इस पेज़ को देखें।